हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ७ अंक २०५ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० १६ जनवरी २०२३ दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

## आगामी सभी चुनाव अकेले लड़ेंगी बसपा, 67वें जन्मदिन पर मायावती का बड़ा ऐलान

### मायावती ने कहा, आरक्षण पर सभी दलों का रवैया क्रूर




प्रखर लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को अपने 67वें जन्मदिन के मौके पर बड़ा ऐलान किया. उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी. उन्होंने ने कांग्रेस पर भरम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने उत्तर प्रदेश और पंजाब में गठबंधन कर चुनाव लड़ा, लेकिन परिणाम और अनुभव ठीक नहीं रहा. लिहाजा अब पार्टी अपने दम पर अकेले चुनाव लड़ेगी. लखनऊ स्थित अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा, " 2023 में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस गठबंधन को लेकर भ्रम फैला रही है. हमने पहले भी गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा है, लेकिन उसका अनुभव ठीक नहीं रहा. बसपा का वोट तो ट्रांसफर होता है, लेकिन अन्य दलों का वोट ट्रांसफर नहीं होता. पार्टी अगले सभी विधानसभा चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव अपने दम पर अकेले लड़ेगी." इस दौरान मायावती ने कहा कि बसपा को आगे बढ़ने से रोका जा रहा है. आरक्षण को लेकर सभी सरकारों का रैवया क्रूर रहा है. आरक्षण को लेकर बीजेपी भी कांग्रेस के नक्शे कदम पर चल रही है. यही वजह है कि यूपी में निकाय चुनाव प्रभावित हुए हैं. उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार में भी प्रमोशन में आरक्षण को खत्म किया गया. इतना ही नहीं 17 ओबीसी जातियों को लेकर भी सपा सरकार में गैर संवैधानिक काम किया गया. इस दौरान मायावती ने मांग की कि आने वाले दिनों में जो चुनाव होने हैं वे बैलट पेपर से हों. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इवीएम से चुनाव कराने को लेकर लोगों के जेहन में तमाम तरह की शंकाएं रही है. बसपा चाहती है कि आने वाले सभी चुनाव बैलेट पेपर से हों. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और केंद्र सरकार से बसपा की यही मांग है.

## जाली नोट बनाने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 06 अभियुक्त गिरफ्तार




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के आदेशानुसार जनपद गाजीपुर में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम व नकली नोट चलाने वाले गिरोह के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीणध्नगर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर गाजीपुर के कुशल निर्देशन मे दिनांक शनिवार को प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह थाना कोतवाली गाजीपुर की टीम व स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक रामाश्रय राय के संयुक्त टीम द्वारा नकली नोट बनाने वाले अन्तर्राज्यीय (बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड आदि) गिरोह के 06 अभियुक्तो क्रमशः विकास वर्मा पुत्र स्व0 दीनानाथ वर्मा निवासी ग्राम मौधिया थाना सादात जनपद गाजीपुर, संजय कुमार दूबे उर्फ पप्पू दूबे पुत्र बाल कृष्ण दूबे निवासी खतिरपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर हाल पता ग्राम सोहिलापुर थाना कोतवाली गाजीपुर, अमर ज्योति मौर्या उर्फ छोटू पुत्र अमर देव मौर्या निवासी ग्राम पचौरी थाना गहमर जनपद गाजीपुर हाल पता छोटा ब्रह्म स्थान, गोरा बाजार थाना कोतवाली गाजीपुर, फिरोज शाह पुत्र जैनुद्दीन निवासी नई बस्ती थाना जमानिया जनपद गाजीपुर, नीरज सिंह पुत्र कंचन सिंह निवासी ग्राम पचौरी थाना गहमर जनपद गाजीपुर, संतोष यादव उर्फ डब्लू पुत्र स्व0 केशव यादव निवासी ग्राम बेटवार कला थाना जमानिया जनपद गाजीपुर । सवा तीन बजे आर.टी.आई. ग्राउण्ड गाजीपुर के पास से गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 500 की 369 नकली नोट, 200 की 01 व 100 के कुल 261 नकली नोट कुल रूपये 2,10,800 तथा नोट बनाने की प्रिंटर मशीन व नकली नोट बनाने में इस्तेमाल किये जाने वाले पेपर व एक अदद नोट पर चिपकाने बाली चमकीली हरी पट्टी व 03 अदद मोटर साइकिल बरामद करने मे उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गयी है जिसको पुलिस ने कब्जे मे ले लिया । पूछताछ से अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग गैंग बनाकर अपने तथा अपने साथियों के आर्थिक, भौतिक एवं बुनियादी लाभ के लिये धन अर्जित किये जाने हेतु जाली नोटों को तैयार कर उनका संग्रहण और भारतीय बाजार में वितरण जैसे छोटे-छोटे बाजारों व अन्य राज्य बिहार से लेकर उ0प्र0 व अन्य जनपदों मे छोटे दुकानदारो सब्जी बेचने वालो रिक्शा चलाने वाले को बड़ी नोट देकर तथा कुछ सामान लेकर पैसे इकठ्ठा करते है । उक्त घटना के संबन्ध में 06 अभियुक्तगण के विरूद्ध स्थानीय थाना पर अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में**

गौरव कुमार क्षेत्राधिकारी नगर गाजीपुर के साथ प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, उप निरीक्षक रामाश्रय राय स्वाट टीम प्रभारी गाजीपुर, उप निरीक्षक सुनील कुमार सर्विलांस प्रभारी, उप निरीक्षक अमित पाण्डेय थाना कोतवाली गाजीपुर, हेड कांस्टेबल आशुतोष स्वाट टीम गाजीपुर, हेड कांस्टेबल विकास श्रीवास्तव स्वाट टीम गाजीपुर, चालक हेड कांस्टेबल विनित कुमार थाना कोतवाली , कांस्टेबल चन्दन मणि त्रिपाठी स्वाट टीम, कांस्टेबल जयंत सिंह स्वाट टीम, कांस्टेबल अजय प्रसाद स्वाट टीम, कांस्टेबल राकेश सोनकर स्वाट टीम, कांस्टेबल ओम प्रकाश सिंह स्वाट टीम, कांस्टेबल राघवेन्द्र सिंह थाना कोतवाली गाजीपुर, कांस्टेबल चन्द्रदेव थाना कोतवाली , कांस्टेबल शैलेन्द्र थाना कोतवाली, कांस्टेबल देवानन्द थाना कोतवाली गाजीपुर शामिल रहे।

## सामाजिक समरसता का महापर्व है मकर संक्रांति – प्रांत प्रचारक

### कॉन्वेंट स्कूलों को बनाया जा रहा धर्मांतरण का अड्डा









**कड़ाके की ठंड में हजारों की संख्या में जुटे स्वयं सेवक**

प्रखर प्रतापगढ़। भारतीय समाज को एक बार फिर से उसके मूल की याद दिलाने वाले सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रांत प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित मकर संक्रांति महापर्व के अवसर पर सामाजिक समरसता कार्यक्रम में ४५० महिलाएँ,८२० पुरुष वर्ग के स्वयं सेवक जुटे और इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर सहभागिता प्रगट किया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश जी उपस्थित रहे। प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व सामाजिक समरसता का पर्व है। हमारी परंपरा सभी को साथ में लेकर चलने की है। सब समाज को लिए साथ में आगे है बढ़ते जाना यह भाव हम सभी के मन में होना चाहिए। हम सभी को नर में नारायण और नारी में नारायणी के स्वरूप का दर्शन करना चाहिए। हम सभी मां भारती की संतान हैं।

हम सभी के लिए राष्ट्र सबसे पहले हैं। यह आयोजन नगर स्थित शहीद उद्यान में किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रांत प्रचारक ने कहा आज जिस प्रकार से समाज में विभिन्न राष्ट्र विरोधी शक्तियां समाज को विखंडित करने में लगी हुई हैं, हमारी भूमिका और बढ़ जाती है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, शिक्षा सेवा का माध्यम है। एक शिक्षित व्यक्ति को और समाज की सेवा के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम, भगवान श्रीकृष्ण हम सब के आदर्श हैं। हम सभी उनके आराधक हैं। आवश्यकता इस बात की है कि भगवान की आराधना के साथ–साथ श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारे। श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही समाज को सही दिशा दी जा सकती है और राष्ट्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। हम सभी को पूर्ण समर्पित भाव से राष्ट्र के प्रति अपने संपूर्ण कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देश को समुन्नत बनाने हेतु समरस समाज के निर्माण हेतु अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। प्रांत प्रचारक में पश्चिमी शिक्षा प्रणाली पर हमला करते हुए कहा कि जिस तरह से कान्वेंट के स्कूलों में शिक्षा की आड़ में खुलेआम धर्मांतरण कराने का खेल किया जा रहा है यह अपने आप में भारत के प्रति एक बड़ी गहरी साजिश है। उन्होंने देश की बेटियों को शिक्षित करने की अपील की ताकि उन्हें लव जिहाद जैसे संगठित अपराधों से बचाया जा सके उन्होंने खुलकर इस बात पर जोर दिया अगर आज का युवा अपने स्वार्थों से ऊपर अपने राष्ट्र निर्माण को आगे रखता है तो आने वाला समय भारत का होगा इसमें कोई संदेह नहीं है । कार्यक्रम की शुरुवात आलोक मिश्र के स्वस्तिवाचन के साथ प्रांत प्रचारक रमेश और सम्मानित संघचालक द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया । इस कार्यक्रम में विभाग संघचालक रमेश चंद्र त्रिपाठी, जिला संघचालक चिंतामणि द्विवेदी, सह नगर संघचालक नितेश खांडेलवाल,जिला कार्यवाह डॉक्टर सौरभ पांडेय, जिला प्रचारक शिवप्रसाद,प्रचार प्रमुख प्रभाशंकर पांडेय, आलोक गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र, आशीष श्रीवास्तव,शिव शंकर सिंह, राजेश सिंह, दिनेश अग्रहरि, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, गौरी शंकर सिंह, शीतांशु ओझा, अजय पांडेय,भूपेंद्र सिंह, डॉ रघुनाथ शुक्ला, सर्वोत्तम, रमेश पटेल, संदीप रावत, हरी प्रताप सिंह, पिंकी दयाल, प्रमिला शुक्ला, राजा सिंह,अशोक शर्मा, ज्योति जायसवाल, अनीता पांडेय, देवापि, पीयूष, सुरेंद्र प्रसाद, राजेश मिश्रा, विनोद मिश्रा, सुनील दुबे, ओम प्रकाश त्रिपाठी, अवधेश मिश्र,पंकज तिवारी ,चंद्रमणि,शिशिर खरे, डॉ बृज भानु सिंह आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सिंगल डोर स्टेप डिलीवरी मे व्यापक भ्रष्टाचार हो रहा है–गिरीश कुमार तिवारी


प्रखर वाराणसी। देश में इस समय पी डी एस सिस्टम मे खाद्यान्न का उठान के लिए तथा कालाबाजारी रोकने के लिए सिंगल डोर स्टेप डिलीवरी लागू किया गया है लेकिन इसमें अब खुलकर भष्टाचार हो रहा है।यह बात एक कार्यक्रम में आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव गिरीश तिवारी ने बताया। उन्होंने कहा कि जो कालाबाजारी व भष्टाचार रोकने के यह लागू किया गया है।उसका अब यह सीधा उलटा हो रहा है प्रदेश ठीकेदारों द्वारा तथा उनके ड्राइवर द्वारा जमकर खाद्यान्न चोरी किया जा रहा है।पूरे प्रदेश में अधिकांश जगहों पर ना तो खाद्यान्न तौलकर दिया जा रहा है।ना खाली बोरे का वजन कोटेदार को मिल रहा है इस बात कि शिकायत बहुत बार उच्च अधिकारियों से किया गया। लेकिन इसमे कोई सुधार नहीं हो रहा है। बल्कि हो बढ़ते जा रहा है।जिसके कारण कोटेदार त्रस्त है।जब खाद्यान्न ही कम मिलेगा तो कोटेदार कहां से पूरा खाद्यान्न दे पायेगा।और तो और माह जून 2022से अक्टूम्बर 2022तक का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का कमीशन भी अभी कोटेदारों को नहीं मिला है। उस पर से माह नवम्बर का खाद्यान्न जो कि निःशुल्क वितरण करना है।उसका भी शासन द्वारा पैसा जमा कराया गया है।दोहरी मार झेल रहे कोटेदार आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है।अगर इसमें जल्द सुधार नहीं हुआ तो प्रदेश के कोटेदार खाद्यान्न का उठान वितरण ठप कर देंगे। क्योंकि कोटेदारों को विभाग बंधुवा मजदूर की तरह से कार्य करवा रहा है।और इसके बदले में 90पैसे पर कुन्तल कमीशन दिया जा रहा है।जो अन्य प्रदेशों से उत्तर प्रदेश में काफी कम है।

## अवैध गांजा संग एक गिरफ्तार, भेजा जेल




प्रखार गंभीरपुर आजमगढ़। थाना गंभीरपुर के पुलिस चौकी प्रभारी गंभीरपुर शिवसागर यादव मय हमराह रविवार को इनावभार बार्डर पर सदिग्ध व्यक्तियो एवं वाहनो की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबीर द्वारा बताया गया कि एक व्यक्ति नन्दाव के तरफ से अबैध मादक पदार्थ लेकर आ रहा है यदि जल्दी किया जाये तो पकडा जा सकता है इस सूचना पर विश्वास कर गंभीरपुर चौकी इंचार्ज मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचे तभी कुछ समय बाद एक व्यक्ति न्दाव के तरफ से हाथ में झोला लिये हुए आता हुआ दिखायी दिया। उस व्यक्ति के पुलिया के इस पार आने पर सामने पहुचने पर रोकते व टोकते हुए रूकने का इशारा किया गया तो वह व्यक्ति पीछे मुडकर भागना चाहा जिसे दविश देकर हमराही कर्मचारीगण की मदद से सडक पुलिया कि पहले ही इनावभार के तरफ घेर कर पकड लिया गया पकडे गये व्यक्ति का नाम पता पूछते हुए पूछा गया तो उसने अपना नाम शादाब अहमद उर्फ साहिल पुत्र इस्तियाक अहमद निवासी चितारा थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 23 वर्ष बताया हाथ में लिये हुए प्लास्टिक के झोले के बारे में पूछा गया तो बताया कि इसमे नाजायज गाँजा है इसी को बेचकर अपना भरण पोषण करता हूँ ।

## करण्डा पुलिस ने किया आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तारी




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर । जनपद पुलिस गाजीपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान को धरम्मपुर चट्टी से 100 मी0 आगे जमानियां रोड पर थाना करण्डा के 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त संदेश निषाद पुत्र मोहन चौधरी निवासी ग्राम मल्लहपुरा कटरिया थाना करण्डा जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया । स्थानीय थाने में विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक सम्पूर्णानन्द राय थाना करण्डा, उप निरीक्षक सुनील कुमार शुक्ला, कांस्टेबल अश्वनी कुशवाहा, कांस्टेबल सोनू सरोज, कांस्टेबल मयंक सिंह, कांस्टेबल दिलीप यादव शामिल रहे।

## नीलगाय की टक्कर से दो घायल



प्रखर शाहगंज(जौनपुर)। शनिवार की रात बाइक सवार किशोर सहित एक युवक नील गाय की टक्कर से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार नगर के अलीगंज दफलटोला निवासी 24 वर्षीय अबूबकर पुत्र अय्यूब अंसारी अपने भतीजे 12 वर्षीय मो. अनस पुत्र अब्दुर्रहीम को लेकर मोटरसाइकिल से खेतासराय से रात्रि लगभग नौ बजे अपने घर आ रहा था की रास्ते में इमरानगंज बाजार के पास विपरीत दिशा से आरही नीलगाय ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल पर सवार उक्त दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए।आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उपचार हेतू नगर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।

# भारतीय संविधान भारतीय जीवन दर्शन का ग्रंथ

किसी भी देश के लिए एक विधान की आवश्यकता होती है। देश के विधान को संविधान कहा जाता है। यह अधिनियमों का संग्रह है। भारत के संविधान को विश्व का सबसे लम्बा लिखित विधान होने का गौरव प्राप्त है। भारतीय संविधान हमारे देश की आत्मा है। इसका देश से वही संबंध है, जो आत्मा का शरीर से होता है। भारत का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर पूर्ण हुआ था। चूंकि डॉ. भीमराव आम्बेडकर संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे, इसलिए भारत सरकार द्वारा उनकी 125वीं जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को प्रथम बार संविधान दिवस संपूर्ण देश में मनाया गया। उसके पश्चात 26 नवम्बर को प्रत्येक वर्ष संविधान दिवस मनाया जाने लगा। इससे पूर्व इसे राष्ट्रीय विधि दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा द्वारा देश के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में पूर्ण किया गया था। इस पर 114 दिन तक चर्चा हुई तथा 12 अधिवेशन आयोजित किए गए। भारतीय संविधान को बनाने में लगभग एक करोड़ की लागत आई थी। भारतीय संविधान में डॉ. राजेंद्र प्रसाद को 11 दिसंबर 1946 में स्थाई अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। भारतीय संविधान पर 284 लोगों ने हस्ताक्षर किए थे। यह 26 नवम्बर 1949 को पूर्ण कर राष्ट्र को समर्पित किया गया। इसके पश्चात 26 जनवरी 1950 से देश में संविधान लागू किया गया। इससे पूर्व देश में भारत सरकार अधिनियम–1935 का कानून लागू था। कोई भी वस्तु पूर्ण नहीं होती है। समय के अनुसार उसमें परिवर्तन होते रहते हैं। भारतीय संविधान लागू होने के पश्चात इसमें 100 से अधिक संशोधन किए जा चुके हैं। ऐसा भविष्य में भी होने की पूर्ण संभावना है। भारतीय संविधान में सरकार के अधिकारियों के कर्तव्य एवं नागरिकों के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया है। संविधान सभा के कुल सदस्यों की संख्या 389 थी। इनमें 292 ब्रिटिश प्रांतों के 4 चीफ कमिश्नर थे, जबकि 93 सदस्य देशी रियासतों के थे। विशेष बात यह है कि देश की स्वतंत्रता के पश्चात संविधान सभा के सदस्य ही देश की संसद के प्रथम सदस्य बने थे। देश की संविधान सभा का चुनाव भारतीय संविधान के निर्माण के लिए ही किया गया था। भारतीय संविधान के अनुसार केंद्रीय कार्यपालिका का संवैधानिक प्रमुख राष्ट्रपति होता है। भारतीय संविधान का निर्माण करने वाली संविधान सभा का गठन 19 जुलाई 1946 को किया गया था। संविधान के कुछ अनुच्छेदों को 26 नवंबर 1949 को पारित किया गया, जबकि शेष अनुच्छेदों को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। भारत एक विशाल देश है। इसमें विभिन्न संस्कृतियों के लोग निवास करते हैं। यहां विभिन्न संप्रदायों, पंथों, जातियों आदि के लोग हैं। उनकी, रीति–रिवाज, भाषाएं, रहन–सहन एवं खान–पान भी भिन्न–भिन्न हैं। इस सबके मध्य वे आपस में मिलजुल कर रहते हैं। वास्तव में यही भारत का स्वभाव है। भारतीय संविधान में भारत के नागरिकों को छह मौलिक अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिनका वर्णन अनुच्छेद 12 से 35 को मध्य किया गया है। इनमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति और शिक्षा से संबंधित अधिकार एवं संवैधानिक उपचारों का अधिकार सम्मिलित है। उल्लेखनीय है कि पहले संविधान में सात मौलिक अधिकार थे, जिसे '44वें संविधान संशोधन– 1978 के अंतर्गत हटा दिया गया। सातवां मौलिक अधिकार संपति का अधिकार था।

**डॉ. सौरभ मालवीय**
**लेखक–मीडिया शिक्षक एवं राजनीतिक विश्लेषक**

## मकर संक्रांति के अवसर पर ग्राम सुल्तानपुर में गरीब व असहाय के बीच कंबल वितरित किया गया



प्रखर रामनगर वाराणसी। बाबा विश्वनाथ जी की कृपा से और आप लोगों के आशीर्वाद से इस कार्यक्रम में प्रवीण सिंह सपरिवार सुल्तानपुर रामनगर वाराणसी के बस्ती के गरीबों व असहायों के बीच जाकर कंबल का वितरण किया गया। प्रवीण सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति पर दान देने की प्रथा है। गरीबों,असहाय व्यक्तियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य होता है। गरीबों की मदद करना साक्षात ईश्वर की पूजा के करने के समकक्ष है। गरीबों के बीच भीषण सर्दी के चलते सहयोग किया गया है। जिससे कड़ाके की ठंड से अपना बचाव कर सकें। गरीबों के उत्थान के लिए हर प्रयास करेंगे । गरीब और असहाय लोगों को ऐसे मौसम में सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य है। मौके पर इन्द्र बहादुर,इन्द्रकला,विभा सिंह,करन प्रताप सिह,पल्लवी,वायोना आदि लोग उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आस्था की डुबकी




प्रखार चौबेपुर वाराणसी। क्षेत्र के कैथी स्थित गंगा तट व गंगा गोमती संगम पर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर रविवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं व आस्थावानों ने आस्था की डुबकी लगायी साथ ही मार्कंडेय महादेव धाम में जलाभिषेक भी किया। रविवार की भोर से ही स्नान के साथ ही दान का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक चलता रहा।श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर स्नान कर मंदिरों में पूजा–अर्चना के बाद गरीबों को अन्न,वस्त्र,द्रव्य का दान किया।मारकंडेय महादेव व कैथी संगम घाट पर आस्थावान रविवार की भोर से ही पहुचने लगे थे। स्नार्थियों की सुरक्षा को लेकर घाट पर पुलिस फोर्स तैनात रही। उल्लेखनीय है कि मकर सक्रांति का पावन पर्व प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को ही मनाया जाता था लेकिन विगत तीन वर्षों से तिथियों के हेर फेर में लोग दो दिन मकर सक्रांति का पर्व मना रहे है। पुरोहितों व पंचांगों की मानें तो अबकी बार सूर्य धनु राशि से मकर राशि में 14 जनवरी की रात 8रू21 मिनट पर प्रवेश किया। इस परंपरा को निभाते हुए रविवार को भी कैथी स्थित गंगा गोमती संगम पर क्षेत्रीय व दूर दराज से श्रद्धालु गंगा नदी तट पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगायी। हालांकि काफी संख्या में लोगों ने बीते शनिवार को भी स्नान दान किया था। क्षेत्र के गौरी शंकर महादेव घाट ,गौरा उपरवार, परनापुर,शिवदशा ,बलुआघाट गंगा तट पर आस्थावानों ने आस्था की डुबकी लगायी। भीड़ को देखते हुए चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह मय फोर्स, गोताखोरों को साथ लेकर घाट पर सुरक्षा ब्यवस्था में तैनात रहे। वहीं चौबेपुर क्षेत्र के डुबकियां धौरहरा,कैथी सोनबरसा, चंद्रावती आदि बाजारों व चट्टी चौराहों पर तिलकुट, लाई, चूड़ा, गुड़, मटर आदि की खरीदारी के लिए भी भारी भीड़ उमड़ी रही।

# गूंज रही फिर बात !

बैलेट पेपर –ईवीएम ।
गूंज रही फिर बात ।।
चर्चा का है विषय ।
बिछती ना बिसात ।।
बोलते वो खेल है ।
ना हमें विश्वास ।।
आए दौर पुराना ।
बनना हमें खास ।।
होगी लगता बहस ।
सोच रहे वो आज ।।
पेपर इस्तेमाल से ।
कर सकते हैं राज ।।
रोज रोज कुछ नया ।
गिर जाता बाजार ।।
चाहिए बस मौका ।
हो कैसे प्रहार ।।

**कृष्णेन्द्र राय**



# एक नजर इधर भी,ओ दिन बीत गए



आदमी की भागम भाग भरी जिंदगी ने सबकुछ बदल कर रख दिया है।अपनी रूईधुई में उलझा हर किसी के पास न तो समय रह गया है नतो गंवई चौपाल की वह मिठास जिससे भाईचारा और एक दूसरे के सुख दुःख को सुनने सुनाने के अपनत्व जैसा अहसास। करीब चार दशक पहले तक तो सबकुछ आंखों के सामने था। अचानक धीरे धीरे सबकुछ छू मंतर हो गया। बैलों की नधी जोड़ी से गन्ना का रस गारती कल, कोल्हार से उठती गुड़ की सोंधी सुगन्ध, मित्रमंडली संग बांस की सुपेली पर गन्ना की सूखी पत्ती के सहारे मय्हिया खाने का स्वाद अपने आप में सबकुछ अद्भुत था। गन्ना की रस विहिन खोइया से हर घर पर धधकता कौड़ा जहां गांव के बुजुर्गो के बीच युवा अधेड़ लोगों की बैठक भाई चारा और मेल–मिलाप के साथ साथ खेती किसानी तथा जीवन के बहुधा उतार चढ़ाव के बातें आपसी मनमुटाव को कम करने तथा विकास को गति प्रदान करने में मिल का पत्थर साबित होती थी। परंतु अब सबकुछ बीते दिनों की बात बनकर रह गया है।और उसके स्थान पर मानव मन की विकृतियों और कुंठाओं ने अपना वर्चस्व स्थापित कर लिया है।धन और बाहुबल ने पूर्वजों की स्थापित परम्परा को तहस नहस करके मानवता अलग थलग कर दिया है। पहले गांव का संगठन पहले जहां काफी मजबूत हुआ करता था। वही आज लुंजपुंज लगने लगा है । जिसमें गांव की टुटही गोलबंदी और स्वार्थपरता की राजनीति से मुकरा नहीं जा सकता।

**गौरीशंकर पाण्डेय सरस**

# कानून के अध्ययन को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाये जाने की मांग सरकार तक पहुंचेगी– लक्ष्मण आचार्य

## प्रधानमंत्री मोदी जी से मिलकर जल्द बनाई जाएगी रणनीति– लक्ष्मण आचार्य



प्रखर जौनपुर। आगमन पर सदस्य विधान परिषद व उपनेता विधायक दल लक्ष्मण आचार्य को कानून के ज्ञान को मौलिक अधिकार का दर्जा दिलाने की मांग करने वाले युवाओं का समूह अधिवक्ता विकास तिवारी व अतुल सिंह की अगुवाई में अम्बेडकर तिराहा दीवानी न्यायालय के पास काफिले को रोककर पत्रक दिया।तथा मांग किया की कानून का ज्ञान बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा संसद में एक विधेयक स्वीकृत करके देश भर में प्राथमिक शिक्षा स्तर से ही कानून के विषय को जोड़कर प्राथमिक एवं उच्चतर प्राथमिक स्तर से ही कानून के ज्ञान की ओर बच्चों का ध्यानाकर्षित कराया जाय। साथ ही केंद्रीय सरकार द्वारा कानून का मौलिक अधिकार सम्बन्धित विधेयक बनाकर प्राथमिक शिक्षा के साथ मैट्रिक,हाईस्कूल, बारहवीं तक पाठ्यक्रम में कानून के विषय को सम्मिलित करने का अनुदेश पारित कर कानून की जानकारी को आम नागरिक की मानसिकता में स्थापित करने का प्रयास किया जाय।तथा एक आम नागरिक के कानून के अधिकार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्रीय सरकार अथवा संसद गैर–सरकारी संगठन के पंजीकरण हेतु बने अधिनियम यानी सोसाइटी अधिनियम (21) 1860 को एक संशोधन विधेयक के माध्यम से संशोधित करके यह निर्देश भी जारी करे की प्रत्येक गैर सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) आम नागरिकों को कानून सम्बन्धित जानकारी देने हेतु बाध्य हैं एवं इस सरकारी अनुशंसा का अनिवार्य रूप से अनुपालन हों। पत्रक देते हुए विकास तिवारी व अतुल सिंह ने कहा कि आप प्रधानमंत्री मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के सांसद प्रतिनिधि हैं। इसलिए आपकी जिम्मेदारी है कि देश के प्रत्येक सदस्य को अपने समाज के सामाजिक और संवैधानिक नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी हो इसकी पहल करें। सरकार का यह दायित्व भी है कि वह अपने आदर्श एवं जिम्मेदार नागरिक को कानून की जानकारी दें। उक्त पत्रक के संदर्भ में श्री आचार्य ने कहा कि पत्रक के माध्यम से संज्ञान में लायी गयी मांगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से विचार विमर्श कर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही हेतु उचित पटल तक पहुंचाया जायेगा। पत्रक देने वालो में प्रमुख रूप से विकास तिवारी,अतुल सिंह, देवेश मौर्य बंधु, विपिन सिंह, आशीष उपाध्याय, अवनीन्द्र यादव, निर्भय सिंह, अंकित यादव, रामबचन यादव, रुद्रेश त्रिपाठी , सोनू रजक आदि उपस्थित रहें।

# 17वी ISAFF नेशनल एरोबिक्स प्रतियोगिता 2022 – 23 के द्वितीय दिवस का हुआ समापन




प्रखर वाराणसी। हरिबन्धु इंटरनेशनल स्कूल, आराजी नवादा गौराकला , वाराणसी ,उत्तर प्रदेश के प्रांगण में इंडियन स्पोर्ट्स एरोबिक्स एंड फिटनेस फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं स्पोर्ट्स एरोबिक एण्ड फिटनेस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 13 से 15 जनवरी 2023 तक आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स एरोबिक्स बालक एवम् बालिकाओं की स्पर्धा में महाराष्ट्र की टीम बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तथा उत्तर प्रदेश की टीम के बीच चल रहा कड़ा संघर्ष । यह प्रतियोगिता चार आयु वर्गों में खेली गई। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि श्री आनंदेश्वर पाण्डेय जी ( सचिव , उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ) एवम् विशिष्ठ अतिथि के रूप में अशोक चौरसिया (भाजपा – सचिव काशी क्षेत्र) व डॉ सचिन मिश्रा शम्स तबरेज शैंपू , किशन पांडे एवं इस पास के समस्त गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे , अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती जया सिंह में किया । समारोह की अध्यक्षता हरि बन्धु शिक्षण समूह के चेयरमैन डॉ एस एन यादव एवं हरिबंधु इंटरनेशनल स्कूल की चेयरमैन श्रीमती शशिबाला यादव ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में फेडरेशन इंडिया के अध्यक्ष संतोष देशमुख तथा महासचिव संतोष खैरनार , मनोहर पहलवान, तबरेज शम्पु जी आरम्भ स्पोर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी इंडिया के अध्यक्ष डॉ सचिन मिश्रा व संस्थापक द्वय सेंसेई अजीत श्रीवास्तव जी एवम सेंसेई राजेंद्र तिवारी,प्रिंस यादव (व्यवथापक प्रभारी) एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक और कर्मचारीगण के देख रेख में सम्पन्न हुई । यह प्रतियोगिता आयोजन सचिव रोहित रावत व आशीष शर्मा के सयुक्त प्रयास से काशी में संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता ै।थ्थ् इंडिया के तकनीकी निर्णय के आधार पर किया गया, जिसमें मुख्य निर्णायक की भूमिका में संतोष खैरनार रहे । जिसमें आज प्रतिभागियों ने अत्यधिक पदक पाकर अपने अपने वर्ग सब जुनियर – महाराष्ट्र (प्रथम), गोवा (द्वितीय), तेलंगाना (तृतीय) जुनियर – महाराष्ट्र (प्रथम), पंजाब (द्वितीय), उत्तर प्रदेश (तृतीय) सिनियर – महाराष्ट्र (प्रथम), उत्तर प्रदेश (द्वितीय),आन्ध्रप्रदेश विजेता रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश रावत एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रबंधक अजय यादव ने की

# मकर सक्रांति पर खिचड़ी और कंबल वितरण किया गया



प्रखर रामनगर वाराणसी। हिन्दू युवा वाहनी के अध्यक्ष रंजय सिंह के द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर प्रसाद के रूप में खिचड़ी और कंबल का वितरण किया गया।जिस में मुख्य रूप से वीरेंद्र सिंह चौहान ,पंकज गुप्ता, आकाश स्वामी,दीपक चौहान, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, विनोद सेठ,जय किशन, राघवेंद्र सिंह,सिद्धार्थ कसेरा तथा अन्य लोग सामिल रहे।

## संक्रान्ति के महापर्व के उपलक्ष्य में श्री वैश्य वार्ष्णेय सांस्कृतिक मंच द्वारा खिचड़ी के भंडारे का आयोजन किया गया



प्रखर दिल्ली। सनातन धर्म में मकर संक्रांति को बहुत महत्व दिया जाता है. सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। मकर राशि में सूर्य के प्रवेश के साथ प्रत्येक शुभ कार्य शुरू कर दिए जाते हैं. मकर संक्रांति पर चावल, दाल, आटा, गुड़, तिल, नमक, घी, सब्जी का दान करना शुभ माना जाता है। संक्रान्ति के महापर्व के उपलक्ष्य में 14 जनवरी, 2023 को श्री वैश्य वार्ष्णेय सांस्कृतिक मंच द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को ऊनी कपड़े और खिचड़ी के भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग दो हजार व्यक्तियों को भोजन कराया गया एवं लगभग 300 जरूरतमंद व्यक्तियों को ऊनी कपड़े बाटें गए। इस अवसर पर वार्ष्णेय समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोग भारी संख्या में एकत्रित हुए। इस अवसर पर सभी व्यक्तियों को एक नव वर्ष का कैलेंडर भी वितरित किया गया। संस्था के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में भोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था सम्पन्न हुई। संस्था के महासचिव ह। शरद वार्ष्णेय ने ऊनी कपड़े एवं अन्य समान को बाटने की व्यवस्था बनाई। कोषाध्यक्ष सुजीत वार्ष्णेय एवं संयोजक विकास वार्ष्णेय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष भूमिका निभाई। आइ पी एक्सटेन्शन की निगम पार्षद रचना सेटी एवं घोंडा नगर निगम की पार्षद प्रीति गुप्ता अपने पति नीरज गुप्ता के साथ इस अवसर पर उपस्थित थीं।इंटर्नैशनल वैश्य फेडरेशन के दिल्ली प्रदेश के महासचिव गिरीश मित्तल भी उपस्थित थे। वार्ष्णेय समाज की ओर से गंगा प्रसाद सुमन, एडवोकेट वी के वार्ष्णेय, सुमन वार्ष्णेय, डा. ओ. पी. वार्ष्णेय, ह। आर. पी. वार्ष्णेय, डा. पन्ना लाल गुप्ता, डा. गगन गुप्ता, अनूप वार्ष्णेय, गिरीश वार्ष्णेय एवं परवीन कुमार, साउथ दिल्ली, राम स्वरूप वार्ष्णेय, मनोज वार्ष्णेय नीलकंठ, राम प्रकाश गुप्ता, एन के दीपक, ह। सीता राम वार्ष्णेय, रेखा गुप्ता, रंजना वार्ष्णेय, मनोज गुप्ता एवं डा. दीपक गुप्ता समेत समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़ चड कर हिस्सा लिया। वंदना, दयानन्द शर्मा, अभय शंकर समेत छेत्र के कई विशिष्ट व्यक्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत करी। सभी विभूतियों को पुष्प, गुलदस्ते एवं शाल से सम्मानित किया गया।

## धूम–धाम से मना मकर संक्रांति का पर्व

प्रखर पिंडरा वाराणसी। ग्रामीण क्षेत्र के पिंडरा, सिंधोरा, गरथमा, ओदार, मंगारी, खालिसपुर, फूलपुर, कठिराव व कुआर समेत अनेक गांवो में रविवार को मकर संक्रांति का त्योहार धूम–धाम से मनाया गया। सुबह से ही महिला–पुरुष व बच्चे अपने–अपने घरों मे स्नान कर नये–नये वस्त्र पहन सूर्य देव का पूजन किये। और लाई चुड़ा व खिचड़ी खाकर त्योहार मनाया और लोगो ने पतंग बाजी कर आनन्द उठाया।

## जरूरतमंदों को अधिवक्ता ने बांटे कंबल



प्रखर मेहनगर( आजमगढ़ ) मकर संक्रांति के पर्व पर जरूरतमंदों को वरिष्ठ अधिवक्ता राज बहादुर यादव अपने पैतृक गांव मालपर स्थित आवास पर अपने निजी संसाधन से जरूरतमंदों में एक सौ दस लोग को कंबल वितरित किया ,इस दौरान विधवा , विकलांग के अलावा मुसहर बस्ती के गरीब एव असहाय लोगों में एक सौ दस वितरित कर लाई ,गट्टा , चुरा , कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खुश थे , इस दौरान श्री यादव ने कहा कि मैंने इलाहाबाद एलएलबी कर मा0 उच्च न्यायालय में वकालत की वहाँ देखा कि सामर्थ्य ब्यक्ति लोगो को वितरित कर रहे है ,तो मुझे एक सीख मिली ,मुझे भी भावना जागृति हुई , जब मैं घर आया तो गांव में गरीब असहाय बिना चद्दर व कंबल के कड़ाके ठंड में गाँवो में घूमते नजर आते थे तो मैंने देख अपने मन में सोचा नर सेवा नारायण सेवा आत्मसात करते हुए इन जरूरतमंदों को चिंहित कराकर पिछले तीन वर्षों से मकर संक्रांति के पर्व पर निस्वार्थ भाव से वितरित करता हूं। अब ।मेहनगर तहसील में ही वकालत कर तहसील स्तरीय गरीबो का कार्य बिना फीस के निःशुल्क करता हूं ।

# 21 वर्षों से फरार इनामिया हिस्ट्रीशीटर सरल राजभर उर्फ शेषनाथ गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी जमानिया गाजीपुर के कुशल मार्गदर्शन में अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष रेवतीपुर मय टीम रोकथाम जुर्म जरायम में नगदीलपुर करहिया पुलिया पर मामूर थे कि जरिए मुखबीर की सूचना पर थाना दिलदारनगर व थाना सुहवल से पुरस्कार घोषित व वाँछित अपराधी सरल राजभर उर्फ शेषनाथ राजभर पुत्र स्व0 रामअशीष राजभर निवासी ग्राम अवकल (त्रिलोकपुर) थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर जो मृतक शिवपूजन सिंह पुत्र स्व0 रमायन सिंह निवासी ग्राम अवकल(त्रिलोकपुर) थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर की हत्या जिसके सम्बन्ध में थाना सुहवल पर मृतक तहसीलदार सिंह पुत्र रामाणय सिंह निवासी ग्राम अवकल थाना सुहवल जनपद गाजीपुर की हत्या जिसके सम्बन्ध में थाना दिलदारनगर में मुकदमा पंजीकृत हैं तथा मुकदमे उपरोक्त में वाँछित चल रहा था। विगत 21–23 वर्षों से फरार चल रहा था, को नगदीलपुर करहिया पुलिया से आज दिनांक रविवार को समय पौने पांच बजे 02 किलो 608 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में स्थानीय थाने पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ प्रशान्त कुमार चौधरी के साथ कांस्टेबल मधुरेन्द्र, कांस्टेबल सौरभ यादव, कांस्टेबल मृदुल त्रिपाठी, कांस्टेबल लखपति राम तथा चालक कांस्टेबल अभिषेक यादव शामिल रहे।

# क्षेत्र के विकास को लेकर संस्था जनप्रतिनिधियों से सीधे करेगी संवाद–अजीत सिंह

## क्षेत्रीय विकास एवं कल्याण समिति के कार्यालय का हुआ उद्घाटन



प्रखर चंदवक जौनपुर। क्षेत्र के चंदवक बाजार के मध्य में रविवार की दोपहर दो बजे क्षेत्रीय विकास एवं कल्याण समिति के कार्यालय का क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक सूर्यनाथ सिंह व अरुण चौबे ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया।इस दौरान कार्यालय पर एक छोटी सी सभा का आयोजन किया गया मौजूद सभी लोगो ने संस्था को लेकर अपने विचार रखे संस्था के संस्थापक अजीत सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज क्षेत्रीय विकास एवं कल्याण समिति कार्यालय क्षेत्र वासियों के लिये खोल दिया गया है क्षेत्र की जनता कार्यालय पर आकर अपनी समस्यायो से अवगत करा सकती है संस्था उनकी समस्यायों को संबंधित अधिकारियों से मिल समस्या का गुडवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का प्रयास करेगी साथ ही संस्था क्षेत्रीय विकास के मुद्दे को लेकर जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद करेगी ।क्षेत्र में विकास,शिक्षा,रोजगार, व किसानो के हित की लड़ाई भी संस्था लड़ेगी क्षेत्रीय जनता से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये युवा वर्ग संस्था में जुड़ने का कार्य करे क्योंकि संस्थान को क्षेत्र के बड़े बुजुर्गो का साथ व आशीर्वाद तो मिल ही रहा है अगर क्षेत्र के युवा का साथ मिल जाय तो एक बार फिर डोभी क्षेत्र विकास के माईनो में देश में अपना परचम लहराते हुए देखा जा सकता है।वही उद्घाटन समारोह में पहुंचे क्षेत्र के सत्कार ग्रुप के मैनेजर डॉ अवनीश सिंह ने कार्यालय को चाय की केतली,स्टूल व स्टैंड पेन भेंट की।इस अवसर पर कमलेश सिंह, शिवबालक यादव,सुजीत सिंह,जोगेंद्र सिंग,रामप्रकाश सिंह,जयप्रकाश राम,राजू सिंह, जैकेश भास्कर व प्रिंस सहगल समेत भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# स्माइल परिवार सिंधी सेवा समिति का आठवां दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित



**अध्यक्ष रवि होतवानी , सचिव सत्येंद्र मंशानी, कोषाध्यक्ष पद पर सागर सावलानी ने दायित्व की ली शपथ**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। स्माइल परिवार सिंधी सेवा समिति का आठवां दायित्व ग्रहण समारोह सिगरा स्थित एक होटल में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर रवि होतवानी ,सचिव पद पर सत्येंद्र मंशानी, कोषाध्यक्ष पद पर सागर सावलानी ने दायित्व की शपथ ली।स्माइल महिला संयोजकओ के पद पर स्नेहा सेहता सीमा रुपेजा ,प्रिया गिडवानी ने दायित्व की शपथ ली सभी पदाधिकारियों को उनके पद की शपथ दीक्षा अधिकारी जय प्रदवानी ने दिलाई स मुख्य अतिथि ओपी बदलानी विशिष्ट अतिथि राजकुमार वाधवानी, मार्गदर्शक एस कुमार सुखवानी रहे कार्यक्रम संचालन संरक्षक रवि सेहता, बादल बत्रा, प्रमोद शर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष अमित चांगरानी द्वारा किया गया धन्यवाद प्रकाश रोहित आडवाणी ने किया द्य कार्यक्रम संयोजक के रूप में आशीष कलवानी, विजय वाधवानी , कमल चौथवानी, रोहित मेघानी, सुनील वाधवानी आदि उपस्थित थे । कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से चंद्र शाह,हिमांशु खट्टर, गौरव आहूजा ,महेंद्र लखमनी, नरेश रामचंदानी, दिलीप खत्री, दीपक साधवानी, मुकेश टहलानी , प्रदीप रामचंदानी व महिलाओं में अंजू सचदेवा, भूमिका तलरेजा, कशिश भटेजा, हेतल बत्रा भाविका आडवाणी पलक वाधवानी , शालिनी होतवानी सहित इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# लायंस क्लब के सभी 12 शाखाओं ने नीति बाग पोस्ट ऑफिस के समीप किया विशाल भंडारे आयोजन




प्रखर वाराणसी। लायंस क्लब के सभी 12 शाखाओं (अर्जुन, बुद्धा, सेंचुरी, सिटी, धर्माध, एलिगेंट, एक्सीलेंट, गंगा, रॉयल, रुद्रा ए वन, सिल्क सिटी, तुलसी) द्वारा मकर सक्रांति के अवसर पर नीचीबाग पोस्ट ऑफिस के पास दर्शनार्थियों की ज्यादा संख्या को देखते हुए विशाल भंडारे का आयोजन किया, भंडारे में सुबह से ही लगभग 5500 से ज्यादा लोगों को पुड़ी, कचौरी, सब्जी का वितरण किया गया, इस अवसर पर लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सौरभ कांत, ḇ। मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब लगातार इस तरह के पर्व पर व भंडारे का आयोजन करता रहता है और अनेक तरह की सेवाओं को लगातार कर रहा है। मैं वाराणसी के सभी क्लबों को बहुत–बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि बलवीर सिंह बग्गा उपमंडलाध्यक्ष, अनिल तुलसियान, पूर्व गवर्नर सतीश श्रीवास्तव, दीपक अग्रवाल, पूर्व गवर्नर अनूप केशरी रहे।

उक्त अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन हंगर लायन एकता अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से मन को बहुत ही संतुष्टि प्राप्त होती है और खुद स्वयं उपस्थित होकर लायन सदस्यों ने जो सेवा की है वह अनुकरणीय है मैं सभी के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करती हूं आने वाले भविष्य में भी इस तरह के आयोजन को लगातार करती रहूंगी यह वचन देती हू।

# आशा बॉक्सिंग अकैडमी वाराणसी में रजत पदक एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों का किया गया अभिनंदन

## वर्षिमा कुमारी रजत पदक एवं तनु गुप्ता कांस्य पदक प्राप्त कर काशी का बढ़ाया गौरव



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आशा बॉक्सिंग अकैडमी वाराणसी में रविवार कों रजत पदक एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया। 12 जनवरी से 14 जनवरी के मध्य सोनीपत हरियाणा में सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चौंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें देश भर के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया और अपने बेहतर प्रदर्शन से आशा बॉक्सिंग एकेडमी वाराणसी की दो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया और दोनों ने पदक जीतकर अपने विद्यालय और एकेडमी का नाम रोशन किया है जिसमें वर्षिमा कुमारी रजत पदक एवं तनु गुप्ता कांस्य पदक प्राप्त कर काशी का गौरव भी बढ़ाया है। एकेडमी के डायरेक्टर गोपाल बहादुर शाही एवं कमेटी अध्यक्ष डॉक्टर संजय सिंह गौतम ने पदक विजेताओं का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर सचिन मिश्रा ,पदुम पांडेय, ज्ञान चंद पटेल, हिमांशु राज पांडे, शशि प्रकाश, आनंद सिंह, डॉ विश्वनाथ , डॉ वीके राय सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की ।

# संस्कार और शैक्षिक विकास ट्रस्ट ने बांटा कंबल और स्वेटर, पाकर चहके लोग



प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। आस्था और विश्वास के पावन पर्व मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर क्षेत्र के ओम् मां आदि शक्ति संस्कार एवं शैक्षिक विकास ट्रस्ट देवा के बैनर तले स्व०कमलाराय की स्मृति में तथा स्व०विंध्याचल राय की पुण्यतिथि पर समारोह आयोजित कर क्षेत्र के 450अति गरीब असहाय विधवा विकलांग जनों को कंबल और स्वेटर वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि कंपकंपाती ठंड में असहाय विधवा विकलांग जनों में ऊनी वस्त्रों का वितरण किया जाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। उक्त पुनीत कार्य से जहां गरीब वर्ग को ठंड से राहत मिलेगी वहीं गरीबों के प्रति सहानुभूति और ममता का समाज में संदेश जाएगा। जिससे लोगों को ऐसे कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी ।उन्होंने ट्रस्ट के प्रबंध निदेशक शारदा राय की तारीफ करते हुए कहा कि राय साहब के इस पुनीत कार्य की जितनी प्रसंशा की जाय कम ही होगा। मंचासीन शिष्ट विशिष्ट लोगों के हाथों से कंबल प्राप्त कर गरीबों के चेहरे पर खुशियां लौटती दिखी। संस्था प्रमुख शारदाराय द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र अलंकरण प्रदान कर सम्मानित किया गया।साथ ही क्षेत्र के विभिन्न समाचार पत्रों से जुड़े पत्रकारों को भी अंग वस्त्र एवं कलम डायरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कंबल तथा स्वेटर प्राप्त करने वालों में दशावतिया देवी,प्रभुराम,जिऊतबंधन राम, राम,रामदरश राम, शोभनाथ, त्रिभुवन,लाली देवी, रीता देवी, मीना देवी,नवरतिया देवी लक्ष्मी नारायण, उर्मिला दुधिया देवी मोहन आदि लोग शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रवीण यादव थाना अध्यक्ष दुल्लहपुर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।इस मौके पर संजय राय,संजय चौबे, रामचंद्र पाण्डेय,अमर चंद पाण्डेय,दीपक चौरसिया, चन्दन पाण्डेय,ऋषभ राय, अंबुज राय,सौरभ राय,सूरज राय,रामजी राय, अरविंद राय, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गीतकार और पत्रकार गौरीशंकर पाण्डेय सरस ने किया।अंत में श्री शारदा राय ने लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

# 18 जनवरी को होगा प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षको का धरना प्रदर्शन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर ।उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ जनपद– शाखा गाजीपुर की प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर न्यू पेंशन योजना के विरोध में दिनांक 18 जनवरी 23 को प्रस्तावित धरना ध्प्रदर्शन के कार्यक्रम हेतु जिला अध्यक्ष राधेश्याम सिंह यादव की अध्यक्षता में अति आवश्यक बैठक आज रविवार को दिन के 11 बजे कैम्प कार्यालय गाजीपुर में आहूत की गई। बैठक में जिला महामंत्री अजय कुमार ने बताया कि 01 अप्रैल 2005 के बाद लागू न्यू पेंशन योजना जो शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों के विपरीत है। इसलिए शिक्षकों ने इसे स्वीकार नहीं किए हैं और लगातार पुरानी पेंशन लागू किए जाने की मांग प्रदेश मुखिया से कर रहे हैं ।इसी कड़ी में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को नई पेंशन वापस और पुरानी पेंशन लागू किए जाने के लिए 18 जनवरी को विकास भवन के प्रांगण में 12 बजे से 3 बजे तक विशाल धरना प्रदर्शन कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर व वित्त एवं लेखाधिकारी गाजीपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाना है।बैठक में प्रतिभाग कर रहे समस्त शिक्षा क्षेत्रों के अध्यक्षध् मंत्री एवं जनपदीय व मंडलीय पदाधिकारी गण ने एक स्वर में हुंकार भरते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री के नेतृत्व में उक्त तिथि को न्यू पेंशन योजना के विरोध में धरना ध्प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं ।जिला अध्यक्ष राधेश्याम सिंह यादव एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र ने संयुक्त रूप से क्षेत्रीय अध्यक्षध् मंत्री से अपील किया कि आप सभी अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर न्यू पेंशन योजना के विरोध में एकता का परिचय देते हुए पूर्व की भांति इस बार भी सम्मिलित होकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। बैठक की अध्यक्षता राधेश्याम सिंह यादव एवं संचालन जिला महामंत्री अजय कुमार ने किया।

# धानापुर थाना में थाना दिवस पर जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनता की फरियाद



प्रखर चंदौली। जिले के धानापुर थाना में थाना दिवस पर जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा जनता की सुनी गई फरियाद इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई जिला अधिकारी ईशा दोहन और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में धानापुर थाना में फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को सुनकर निर्धारित समय अवधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया गया इस मौके पर जिला अधिकारी ने राजस्व कर्मियों एवं थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील एवं थाना से दर्ज शिकायतों को चिन्हित कर टीम गठित करते हुए प्राथमिकता पर निस्तारण हो जिलाधिकारी ने शिकायत पंजिका का अवलोकन किया साथ ही पुराने पंजीकृत प्रार्थना पत्रों के प्रकरणों में गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पक्की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्रों में शिथिलता न बढ़ते प्रकरण की गंभीरता से निष्पक्षता से कार्यवाही करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करें साथ ही निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व कर्मियों द्वारा पक्की पैमाइश करने के बावजूद भी विवाद उत्पन्न हो रहा है व्यवधान उत्पन्न करने वाले के खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश राजस्व कर्मियों को दिए थाना समाधान दिवस के दौरान आवाजापुर के लेखपाल द्वारा अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश नायब तहसीलदार को दिया थाना समाधान दिवस के दौरान कुल 7 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें मौके पर 3 प्रकरणों का निस्तारण किया गया साथ ही 2 प्रार्थना पत्रों में राजस्व पुलिस विभाग की तत्काल टीम बनाकर निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए समाधान दिवस के दौरान नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह थाना प्रभारी धानापुर विपिन सिंह सहित अन्य राजस्व पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति के अवसर पर अंबिका सेवा संस्थान द्वारा कंबल व गर्म कपड़ों का किया गया वितरण



प्रखर गंभीरपुर आजमगढ़। मकर संक्रांति पर्व पर अंबिका सेवा संस्थान समाजिक संगठन ने वितरण किया कई बनवासी बस्ती में कंबल और , गर्म कपड़े टोपी और लाइव चूड़ा मिली जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम अम्बिका सेवा संस्थान कार्यालय पर दर्जनों लोगों को कंबल वितरण किया गया इसके बाद सुबह रानीपुर रजमो, बनवासी बस्ती उसके बाद कलंदरपुर बनवासी बस्ती मखादुमपुर बनवासी बस्ती समेत दर्जनों जगह संस्था के लोगों ने वितरण किया इस मौके पर आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संजय पांडे अंबिका सेवा संस्थान के प्रभारी अभिषेक उपाध्याय पवन अस्थाना प्रिंस कुमार लकी श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव , प्रधान पुत्र सनी गुप्ता प्रमोद सिंह संजय सेठ सौरभ मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जनसंवाद के दौरान जनपदवासियों की समस्याओं का किया निस्तारण



प्रखर मीरजापुर। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने रविवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आये हुए लोगों से मुलाकात की एवं संबंधित अधिकारियों से बात कर लोगों की समस्याओं के तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। इस मौके जमीन संबंधित प्रार्थना पत्र, शिकायती प्रार्थना पत्र, ज्यादातर प्राप्त हुए। जनसंवाद के दौरान विनय कुमार एडवोकेट ग्राम प्रधान पड़रा हनुमान ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत विकासखंड सिटी में पक्की सड़क को खुदाई कर पाइपलाइन लगाने के दौरान पूरी तरह से सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। तथा बाद में कार्यदाई संस्था द्वारा सड़क का निर्माण नहीं किया गया, जिससे ग्राम के आम जनमानस को आने जाने में बहुत परेशानी होती है। जिस पर माननीय केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने आए हुए सभी फरियादी का समस्या सुनकर संबंधित विभाग व अधिकारी को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिया। जनसंवाद के दौरान जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर पटेल, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री रेखा वर्मा, रामवृक्ष बिंद, दुर्गेश पटेल, अनिल सिंह पगड़ी, उदय पटेल, सतीश चंद केसरवानी, नमिता केसरवानी, एडवोकेट संतोष कुमार विश्वकर्मा, एडवोकेट, विकास मौर्य, राजकुमार विश्वकर्मा, कपिल कुमार, चंद्रेश ओझा उर्फ राहुल, प्रशांत शुक्ला, इंजीनियर वैभव पांडे, आदि लोग उपस्थित रहें। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

# मकर संक्रांति पर पिंडरा में सैकड़ो लोंगो को वितरित हुआ कम्बल



प्रखर पिंडरा वाराणसी। मकर संक्रांति पर रविवार को असहाय लोगों को ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से पिंडरा क्षेत्र कई स्थानों पर कम्बल वितरण किया गया। पिण्डरा ब्लाक के जे0 एस एस पब्लिक स्कूल महगांव गरथमा में विधायक डॉ0 अवधेश सिंह ने 500 लोगों को कम्बल वितरण किया। मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए विधायक ने कहाकि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को आपकी सेहत की चिंता है इसलिए आज त्योहार पर यह कम्बल वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र नारायण सिंह का जन्मदिन मनाया गया और उनके दीर्घायु होने का कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन गुलाम मोहम्मद, धान्यवाद ज्ञापन पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र नारायण सिंह ने किया। इस दौरान एसडीएम अंशिका दीक्षित, तहसीलदार विकास पाण्डेय, बीडीओ दिपांकर आर्य, ब्लाक प्रमुख संरक्षक रविशंकर सिंह, ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा, पवन सिंह, फौजदार शर्मा, संत सिंह, ,शिवकुमार गुप्ता, मनीष पटेल, फैजान मोहम्मद व अतुल रावत बेलवाँ रहे। वही फूलपुर में स्व रमाकांत दुबे मेमोरियल संस्था द्वारा अनमोल पाली क्लीनिक फूलपुर में 65 लोंगो को कम्बल डॉ रंगनाथ दुबे व डॉ संगीता दुबे द्वारा किया गया। इसके अलावा स्व0 तारा मिश्रा स्वैच्छिक सेवा संस्थान के तरफ से बुची गांव में 250 कंबल का असहाय व बुजुर्गों के बीच वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक गजराज मिश्र, सचिव डॉ संतेश्वर कुमार मिश्र, आशुतोष पांडे , प्रोफेसर रमाशंकर त्रिपाठी, डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, ग्राम प्रधान विनोद पांडेय, डॉ अजीत सिंह रजनीकांत मिश्र रहे।

# बेटे के जन्म दिवस पर समाज सेवी पिता ने पांच सौ गरीबों में बाटा कंबल



प्रखर मिर्जापुर। अहरौरा थाना क्षेत्र स्थित इमलिया चट्टी चौकी अंतर्गत पटी हटा गांव निवासी समाज सेवी आशीष तिवारी ने दश वर्षीय बेटे अंश तिवारी के जन्म दिवस पर प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष मकर संक्रांति त्योहार के उपलक्ष में 500 गरीब असहाय विकलांग जनों के बीच में कड़कड़ाती ठंड में गरीबों को कंबल वितरण किया एवम प्रत्येक लोगो को मकर संक्रान्ति पर्व त्योहार मिठाई लाई, चना, गुड, भी भेट किया |समाज सेवी आशीष तिवारी के इस पुनीत कार्य कि गांव के चारो तरफ प्रसंशा हो रही थी। वृद्धजनों ने कंबल पाकर अंश तिवारी को आशीर्वाद दिया। कंबल वितरण समारोह में जिले के लोकप्रिय युवासपा नेता जिला पंचायत सदस्य पंकज उपाध्याय, चंद्रशेखर पाल, खुटहा प्रधान प्रतिनिधि अफसर अंसारी ,इकराम अहमद,अशोक पांडेय बिहार, नक्खड़ सिंह, कैलाश सोनखर, रामनरायन जायसवाल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डीहपुर हनुमान मंदिर पर हुआ सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन



प्रखर दीदारगंज आजमगढ़। दीदारगंज थाना क्षेत्र के डीहपुर गांव के हनुमान मंदिर पर रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर एक दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता एवं आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन ईकाई आजमगढ़ के जिलाध्यक्ष विवेकानन्द पांडेय के द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमें गांव एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी भोजन का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विवेकानन्द पांडेय ने कहा कि डीहपुर गांव के हनुमान मंदिर पर मकर संक्रांति के उपलक्ष में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया है, खिचड़ी भोज का उद्देश्य है की मकर संक्रांति पर्व पर आपसी भाईचारा एवं सामाजिक समरसता बनी रहे। खिचड़ी भोज मे गांव एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर आपसी भाईचारे का मिसाल कायम रखा। खिचड़ी भोज का कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेंद्र कश्यप, अधिवक्ता उमेश सिंह, आशीष सिंह, बब्लू मौर्य, शेरअली अहमद, रजनीश गुप्ता, महेंद्र यादव, छोटेलाल कश्यप आदि लोग मौजूद थे

# मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर अहरौरा मीरजापुर। बीते शुक्रवार देर रात दो पक्षों में मारपीट की घटना के बाद वादी अनिता देवी पत्नी हरिश्चन्द मौर्या निवासी अहरौरा खासडीह द्वारा लिखित तहरीर बावत पानी बहने के विवाद को लेकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के सम्बन्ध में दी गई थी । जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर मु0अ0सं0–14/2023 धारा 323/504/506/324/308 भादवि में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । उ0नि0 इन्द्रजीत सिंह यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अहरौरा पर पंजीकृत अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त 1.मोहाल पुत्र पन्नर मौर्य 2.गोलू पुत्र मोहाल निवासीगण थाना अहरौराडीह थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के छोटे बेटे नीरज सिंह ने रखा खिचड़ी समरसता का आयोजन



प्रखर वाराणसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के छोटे बेटे नीरज सिंह व साथ मे हिन्दू युवा संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह जाड़ेजा व राष्ट्रीय महासचिव कौशलेंद्र सिंह गाँधीधाम कच्छ का दौरा करने के बाद बनारस पहुचे |जहाँ हिन्दू युवा संगठन भारत के कार्यकर्ताओं ने लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया |मकर सक्रांति के दिन चंदौली जिले में खिचड़ी समरसता का आयोजन किया |हिन्दू युवा संगठन भारत के राष्ट्रीय संरक्षक नीरज सिंह ने बताया कि मैं चन्दौली जिले का रहने वाला हु |और यह कार्यक्रम अपने जन्मभूमि पर रखने का सौभाग्य मिला। जहां के सदर स्थित एक लान में हिन्दू युवा संगठन द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर खिचड़ी समरसता भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के छोटे पुत्र नीरज सिंह,रघुवीर सिंह जाडेजा,व कौशलेंद्र सिंह चन्दौली पहुंचे। और कदयस्कराम में हिस्सा लिया। इस दौरान हिन्दू युवा संघठन ने उनका जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान लोकसभा चुनाव के बारे मे पूछने पर उन्होंने बात को टालते हुए कहा कि ये एक सामाजिक कार्यक्रम है और इसमें राजनीतिक उद्देश्य न ढूंढा जाए।

# अग्रवाल महासभा के सेवा शिविर में दस हजार श्रद्धालुओं ने किया स्वल्पाहार ग्रहण



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मकर संक्रांति के अवसर पर चौक स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के पास रविवार कों अग्रवाल महासभा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा देश विदेश से स्नान दान के लिए आये हुए श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाया गया द्य शिविर में सुबह से ही भीड़ उमड़ने लगी शिविर में लखनऊ,मध्य प्रदेश, सहित नेपाल से आकर पवित्र गंगा स्नान एवं दान करने के पश्चात सभी दर्शानार्थियों ने चूड़ा मटर के साथ चाय ग्रहण किया द्य दोपहर तक शिविर में लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं ने सेवा शिविर का लाभ उठाया इसके पूर्व शिविर का उद्धघाटन श्री काशी अग्रवाल समाज के सभापति संतोष कुमार अग्रवाल श्हरे कृष्ण ज्वेलर्सश ने भगवान को भोग लगाकर किया। उक्त अवसर पर महासभा अध्यक्ष प्रद्युम्न अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ मधु अग्रवाल, सलिल अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, बृज कमल दास अग्रवाल, नारायण अग्रवाल श्सीएश, योगेश अग्रवाल श्पासा वालेश, डॉ अजय अग्रवाल, अतुल गर्ग, दिनेश अग्रवाल, बॉबी अग्रवाल, मनीष गुप्ता, राज किशोर अग्रवाल, इत्यादि ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संयोजन मोहन अग्रवाल श्छत्ता तलेश एवं विनय अग्रवाल एवं सभी के प्रति आभार आमोद अग्रवाल ने व्यक्त किया।

# असहायों और जरूरमंदों के बीच फिल्म अभिनेता चन्दन ने बांटे कंबल



प्रखर जलालपुर जौनपुर। क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव निवासी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ ने भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया।जिसमें जलालपुर थानाध्यक्ष रमेश यादव ने जरूरतमंदों में कंबल वितरण को पुनीत कार्य बताया।चन्दन ने बताया 100 कंबल गरीब,असहाय विधवा व दिव्यांग लोगों में वितरण किया गया।इस मौके चन्दन ने कहा ठंड में गरीबों,असहायों को वस्त्र देना सबसे पूर्ण कार्य है।श्री सेठ ने कहा कि इस पुण्य कार्य में डा. रंगनाथ दूबे,डा.संगीता दूबे व पूर्व ग्राम प्रधान भवनाथपुर प्रमिला देवी सहित अन्य लोगों का सहयोग सराहनीय एवं प्रशंसनीय है।इस अवसर पर महेन्द्र राजभर,श्रवण दूबे,रामलाल सेठ,संगम जायसवाल,संदीप अग्रहरी,वीर बहादुर सिंह,पिन्टू राजभर आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छ विरासत अभियान के दूसरे दिन भी दर्शनार्थियो को किया गया जागरूक



प्रखर मीरजापुर।स्वच्छ विरासत अभियान के अंतर्गत विंध्याचल में मकर संक्रांति के दूसरे दिन भी घाटों पर आए दर्शनार्थी एवं आम नागरिकों को नगर पालिका की टीम द्वारा जागरूक किया गया।टीम द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों से लोगो को घाटों पर स्वच्छता रखने,गहरे पानी में न नहाने को लेकर सचेत भी किया गया।बीते शनिवार को जहा नीला और हरा डस्टबिन प्रयोग करने के लिए घाटों पर आए लोगो को नीला और हरा पतंग का वितरण कर जागरूक किया गया था।स्थानीय लोगो और दर्शनार्थियो ने टीम द्वारा दिए पतंग से पतंगबाजी भी कराई गई थी।इस मौके पर ईओ अंगद गुप्ता ने कहा की विंध्यधाम को सरकार स्वच्छ विरासत में शामिल किया गया है।14 जनवरी से 24 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में लोगो को जागरूक किया जायेगा।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सूबे के 75 पर्यटक और ऐतिहासिक स्थलों पर स्वच्छता जागरूकता एवं जन भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।जिससे आने वाले पर्यटकों को स्वच्छता के पार्टी सकारात्मक दृष्टिकोण स्थापित हो सके।अभियान के पहले दिन मकर संक्रांति पर आम नागरिकों एवं दर्शनार्थियो को विंध्याचल घाटों पर टीम द्वारा स्वच्छता लेकर जागरूक किया गया था।दूसरे दिन भी दर्शनार्थियो और स्नानर्थियो को जागरूक करने का काम करने का काम किया जा रहा है।

# सासंद डिंपल यादव के जन्मदिन पर केराकत विधायक तूफानी सरोज ने बाटा कंबल



प्रखर जौनपुर। सासंद डिंपल यादव के जन्मदिन के अवसर पर केराकत विधायक तूफानी सरोज ने विधानसभा क्षेत्र के नरहन गांव में गरीबों को कंबल बाटा और कहा आज डिंपल यादव का जन्मदिन है और उनके दीर्घायु की कामना करते हैं उनके द्वारा जिस तरह समाजवादी पार्टी की सरकार में महिलाओं के प्रति सचेत रहकर महिलाओं के सुरक्षा तथा तमाम योजना चलाईं गयी थी लेकिन भाजपा सरकार महिला के हित के बारे में नहीं सोचता डिंपल यादव एक ऐसी महिला है जो निर्विरोध सांसद रही हैं और वर्तमान समय में मैनपुरी की सांसद है वह संसद में जब भी बोलती है तो महिलाओं की आवाज देश तक सुनाई देती है वह एक ऐसी सांसद हैं जो लगातार महिलाओं के दुख दर्द को साझा करती है और उसके निस्तारण के लिए संघर्ष करती रहती है आज उनका जन्मदिन हम लोग रुमहिला सम्मान दिवसरुके रूप में मनाया जायेगा अगर महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान दिलाने का काम किसी ने किया वह डिंपल यादव है हम उनके जन्मदिन पर उनको हार्दिक बधाई देते हैं दीर्घायु की कामना करते हैं वहीं गरीबों को जन्मदिन के अवसर पर कंबल मिलने पर सबके चेहरे खिल गए और सब लोगों ने महिला सम्मान दिवस के रूप में डिंपल यादव के जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया जन्मदिन के अवसर पर मुख्य रूप से भगवती चन्द सरोज सुरेश यादव डॉक्टर हरिराम यादव पवन मंडल मनोज चौहान नीरज सरोज आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सदस्य ने असहायों में में बांटा कम्बल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर।जिला पंचायत सदस्य व भाजपा जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति शैलेश राम ने आपने आवास मालिकनाथपुर में गरीबो, असहायों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस ठिठुरन भरी ठंड में ग्रामीण वृद्ध महिलाएं,पुरुष कम्बल पाकर काफी खुश दिखे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं